म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय
परिसर : राजाभोजमार्ग, चूनाभट्टी कोलार रोड, भोपाल– 462016

**Madhya Pradesh Bhoj (Open) University**
Campus : Raja Bhoj Marg, ChunaBhatti Kolar Road, Bhopal – 462016

---

क्रमांक. 1317 /मप्रभोमुविवि/2022 दिनांक 18/07/2022

प्रति,

**समस्त क्षेत्रीय निदेशक,**
**म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय,( क्षेत्रीय केन्द्र भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा,सतना, उज्जैन, छिन्दवाड़ा, बड़वानी, होशंगाबाद। )**

विषय :– स्नातक एवं स्नातकोत्तर सत्रांत परीक्षा वर्ष –2022 के सुचारू संचालन संबंधी आवश्यक निर्देश एवं कार्यवाही करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल की सत्रांत परीक्षाएं दिनांक **23/7/2022** से प्रारंभ हो रही है। कृपया परीक्षा सुचारू रूप से सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु निम्नानुसार कार्य संपादित करना सुनिश्चित करें।

1. कृपया सुनिश्चित करें कि आपके परीक्षा केन्द्र में परीक्षा में उपस्थित होने वाले परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था, मुख्य उत्तरपुस्तिकाएं, रोल लिस्ट, उपस्थिति पत्रक, प्रवेश पत्र, परीक्षा में उपयोग आने वाले समस्त प्रपत्र, यू.एफ.एम. फार्म आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।
2. गोपनीय परीक्षा सामग्री प्रश्न–पत्रों के पैकेट/बंडल परीक्षा स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखना सुनिश्चित करें। जहां प्रश्न–पत्र रखने की सुरक्षित व्यवस्था न हो तो ऐसी स्थिति में समीप के पुलिस थाना में प्रश्न–पत्र के पैकेट/बंडल रखवाये जायें तथा निर्धारित परीक्षा की तिथि में परीक्षा प्रारंभ होने के 01 घंटा पहले निकाले जाये।
3. सूचनीय है कि, इस सत्र की परीक्षा में केवल मुख्य उत्तरपुस्तिका ही परीक्षार्थी को उपलब्ध करानी है। पूरक उत्तरपुस्तिका प्रदाय नहीं की जानी है।
4. बंदियों/कैदियों की परीक्षा संबंधित क्षेत्रीय निदेशक सम्पन्न करायेंगें।
5. समस्त क्षेत्रीय निदेशको से अनुरोध है कि दिनांक **20/7/2022** तक अपने–अपने क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों में निरीक्षण करने हेतु उड़नदस्ता दल का गठन कर कुलसचिव/निदेशक, प्रवेश एवं मूल्यांकन को सूचित करें। उड़नदस्ता दल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत दरों के अनुसार मानेदय भुगतान किया जायेगा।
6. मोबाईल, गाईड, 20 प्रश्नपत्र, कुंजी, पुस्तके या चिट आदि रखना पूर्णतः वर्जित है। नकल करते पकड़े जाने पर परीक्षार्थी का प्रकरण बनायें तथा यू.एफ.एम. फार्म भरवायें व साथ ही अभिलेख संधारित कर रखें तथा विश्वविद्यालय को प्रतिवेदन भेजे।
7. परीक्षा में अनुचित साधन रोकने के पूरे प्रबंध किये जायें। इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, गृह विभाग,समस्त कलेक्टर, पुलिस महानिदेशक, जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षकों को शांति व्यवस्था एवं परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा हेतु पुलिस व्यवस्था करने हेतु पत्र प्रेषित किये जा रहे हैं। आप भी अपने स्तर पर संबंधित थाना प्रभारी को पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित करें। प्रयास यह किया जाना है कि परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थी किसी भी प्रकार के अनुचित साधन का प्रयोग न कर पाये। वीक्षण कार्य हेतु अनुभवी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाये जो कि परीक्षा कक्ष में नियंत्रण बनाये रख सके।

प्रत्येक विद्यार्थी को सत्र 2022 की सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु एम पी. ऑनलाईन के माध्यम से परीक्षा फार्म भरना अतिआवश्यक है । जो विद्यार्थी परीक्षा फार्म नही भर पाये है, वो अनिवार्यतः परीक्षा फार्म भरें । बिना परीक्षा फार्म भरे परीक्षा में सम्मिलित करना सम्भव नहीं होगा। TEMP के परीक्षार्थीयों को परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं होगी।

9. परीक्षा फार्म ऑनलाईन भरने के बाद विद्यार्थी परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी की एंक प्रति व साथ में अहर्तादायी परीक्षा की अंकसूची व एम.पी. ऑनलाईन में शुल्क जमा करने की प्रति संलग्न कर अध्ययन केन्द्र में जमा करेंगें । अध्ययन केन्द्र द्वारा सत्यापन कर रोल लिस्ट विश्वविद्यालय एवं क्षेत्रीय केन्द्र को अग्रेषित की जाए ।

10. सत्रीय कार्य (Assignment) का मूल्यांकन संबंधित अध्ययन केन्द्र में महाविद्यालय के संबंधित विषय के प्राध्यापक/सह प्राध्यापक/सहा.प्राध्यापक से एवं आवश्यकतानुसार अन्य शिक्षकों से मूल्यांकन कार्य करवायेंगे तथा ऐसे अतिथि विद्वान जो 05 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हो उनसे भी सत्रीय कार्य का (Assignment) मूल्यांकन कार्य करवाया जा सकेगा।

11. विश्वविद्यालय की सत्रांत परीक्षा संचालन का कार्य करने के लिए राशि/मानदेय निम्नानुसार सत्र 2022 की परीक्षा के लिए लागू होगा ।

| S.No. | Particular | Equivalent Rates |
|---|---|---|
| 01. | Senior Centre Superintend or the Principal | 500/- Per day |
| 02. | Centre Superintendent | 400/ - Per day |
| 03. | Asst. Centre Superintendent | 350/ - Per day |
| 04. | Class – III | 100/ - Per day |
| 05. | Class – IV | 80/- |

12. सत्रीय (Assignment) उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की दरें 10/– प्रति उत्तर पुस्तिका है तथा सत्रांत परीक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकनकर्ताओं का पारिश्रमिक दर स्नातक स्तर की प्रति उत्तरपुस्तिका 20/– बीस रूपये तथा स्नातकोत्तर स्तर की प्रति उत्तरपुस्तिका 25/– पच्चीस रूपये निर्धारित है।

13. परीक्षा संबंधी कोई भी समस्या आने या कोई दिशा निर्देश प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय के निम्नांकित अधिकारियों/कर्मचारियों से सम्पर्क कर सकते है। विवरण निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 01. | प्रो. (डॉ.) एल. पी. झारिया, निदेशृक, प्रवेश एवं मूल्यांकन | 9425875442 |
| 02. | डॉ. नीलम वासनिक, उपनिदेशक, प्रवेश एवं मूल्यांकन | 9039123064 |
| 03. | डॉ. राजेश सक्सेना, प्रोग्रामर, प्रवेश एवं मूल्यांकन | 9827736834 |
| 04. | श्री मिलिंद राव, प्रोग्रामर, प्रवेश एवं मूल्यांकन | 9424396786 |

...ा समाप्ति के पश्चात् प्रति दिवस परीक्षा उत्तर पुस्तिका के बंडल जो कि अच्छी क्वालिटी ... कपड़े में (सफेद लट्ठे का कपड़ा) सील बंद करवाकर बंडल स्पीड पोस्ट अथवा विशेष वाहक ...े माध्यम से प्राचार्य, केन्द्राध्यक्ष अपने–अपने क्षेत्रीय केन्द्र निदेशक के कार्यालय के निम्नांकित पते पर भेजना सुनिश्चित करेगें।–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | क्षेत्रीय निदेशक, म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय,राजा भोज मार्ग, चुनाभट्टी कोलार रोड, भोपाल, 462016 | 7 | क्षेत्रीय निदेशक, म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय,क्वाटर नम्बर–5,स्वर्ण जंयती हाल, नेपाल पैलेस, सागर, 470001, म.प्र. |
| 2 | क्षेत्रीय निदेशक, म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय,देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, परिसर, खण्डवा रोड, इन्दौर, 452001, म.प्र. | 8 | क्षेत्रीय निदेशक, म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय,विशाला विकास खण्ड (स) भवन, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय परिसर भरतुपरी, उज्जैन, 456010, म.प्र. |
| 3 | क्षेत्रीय निदेशक, म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय,न्यू कलेक्ट्रेड रोड, सत्यम रेजीडेंसी टॉवर के पास, प्राइम हॉस्पिटल वाली गली, कैलाश नगर, ग्वालियर, 474006, म.प्र. | 9 | क्षेत्रीय निदेशक, म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय,शासकीय पी.जी. कॉलेज , धरम टेकरी छिन्दवाड़ा, 480001, म.प्र. |
| 4 | क्षेत्रीय निदेशक, म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, 1047, नेपियर टाउन, सेन्टपाल कॉलेज के बाजू में, चौथा पुल के पास, जबलपुर, 482001, म.प्र. | 10 | क्षेत्रीय निदेशक, म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय,रसायन विभाग शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, होशंगाबाद, म.प्रत्र |
| 5 | क्षेत्रीय निदेशक, म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, शासकीय माधव सदाशिवराव गोलवलकर महाविद्यालय , सिविल लाइन रीवा, 486001, म.प्र. | 11 | क्षेत्रीय निदेशक, म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय,शहीद भीमा सनायक पी.जी. कालेज, बड़वानी, म.प्र. |
| 6 | क्षेत्रीय निदेशक, म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय,पालिटेक्निक कॉलेज के आगे, राजा भोज परिसर, चंद्रासय के सामने नीमी रोड बदखर, सतना, 485005, म.प्र. | | |

**कृपया उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जावें।**

(डॉ. एल. एस. सोलंकी )
कुलसचिव

पृ.क्र.1318...../प्र.मू./मप्रभोमुवि/2022 — भोपाल, दिनांक 18.07. 2022

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलपति महोदय, मप्रभोमुविवि/भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. निदेशक, विद्यार्थी सहायता, मप्रभोमुविवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य अध्ययन केन्द्र मप्रभोमुविवि की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
4. निदेशक, आई.टी. मप्रभोमुविवि की ओर सूचनार्थ।
5. लेखा शाखा, मप्रभोमुविवि की ओर सूचनार्थ।

18/7/22

(प्रो. (डॉ.) एल. पी. झारिया)
निदेशक (प्र.एवं मू.)